दैनिक जागरण 30/08/2024

क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य परिषद विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा प्रायोजित थी। इस प्रतियोगिता में अंबाला के विभिन्न कालेजों से 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में 8 टीमों को स्क्रीनिंग परीक्षण के माध्यम से शार्टलिस्ट किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इसका शुभारंभ किया। डा. शिखा जग्गी ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड हुए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः जीएमएन कालेज, अंबाला कैंट से कोमल सैना, प्रगति ने हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान एसडी कालेज से अपूर्वा, गुंजन, पलक, तृतीय स्थान एसडी कालेज अंबाला कैंट से ज्योति, अक्षित, प्रियांशु ने प्राप्त किया, जबकि चौथे स्थान पर डीएवी कालेज अंबाला और पांचवां स्थान पर गवर्नमेंट पीजी कालेज, अंबाला कैंट रहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता की टाप 5 टीमें जोनल लेवल विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी।